


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 19 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 106 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया, पेज-3







## टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा होगी कल

**नई दिल्ली।** अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शनिवार को भारतीय टीम का एलान होगा। इसके साथ ही पुरुष चयन समिति न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा करेगी। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव दोपहर 1:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे। टी20 विश्व कप का आयोजन सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति की बोर्ड के मुख्यालय में बैठक होगी जिसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी जिसमें भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार और मुख्य चयनकर्ता अगरकर मौजूद रहेंगे। भारतीय टीम शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अहमदाबाद में पांच मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला खेलेगी। बताया जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव इस मैच के बाद सीधे मुंबई पहुंचेंगे।

## बांग्लादेश हिंसा में न्यूज चैनल्स, अवामी लीग के ऑफिस में आगजनी

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी की मौत के बाद हिंसा भड़क गई है। प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार देर रात देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम अलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ की गई है और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है। उस्मान हादी शेख हसीना के खिलाफ जुलाई 2024 में हुए छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्हें 12 दिसंबर को चुनाव प्रचार के दौरान सिर में गोली मारी गई थी। इसके बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए सिंगापुर ले जाया गया था। 6 दिन बाद उनकी मौत हो गई।

## पीएम मोदी-राजनाथ सिंह के साथ प्रियंका गांधी ने की चाय पर चर्चा

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संसद भवन स्थित अपने कक्ष में संसद के शीतकालीन सत्र 2025 के समापन के अवसर पर राजनीतिक दलों के नेताओं और सांसदों से मुलाकात की। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बगल में बैठी चाय की चुस्की लेती नजर आईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बैठक में उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री के राम मोहन नायडू और चिराग पासवान समेत अन्य दलों के सांसद भी मौजूद रहे। इस दौरान सांसदों को चाय पीते देखा गया और हंसी मजाक के पल भी शेयर किए गए।

## योजनाओं का बजट खर्च न होने पर सीएम योगी ने लगायी क्लास

**लखनऊ।** वित्तीय संकट न होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौजूदा वित्तीय वर्ष के बजट में तमाम लोक-लुभावन योजनाओं के लिए सरकारी खजाने से भारी-भरकम धन की व्यवस्था करने में कोई संकोच नहीं किया। कुल बजट की लगभग 46 प्रतिशत धनराशि नई-पुरानी योजनाओं-परियोजनाओं के लिए दिया लेकिन साढ़े आठ माह में कई योजनाओं का बजट जहां कागजों में ही है वहीं अन्य में भी 50 प्रतिशत से भी कम खर्च हुआ है। ऐसे में प्रदेशवासियों को सरकार की मंशा के मुताबिक पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही से नाराज मुख्यमंत्री ने हाल ही अधिक बजट वाले 20 प्रमुख विभागों के अधिकारियों की बड़ी क्लास लगाई है।

## महिला वकील के उत्पीड़न मामले में फुटेज को सुरक्षित रखने का आदेश

**नई दिल्ली।** नोएडा के एक पुलिस थाने में महिला वकील से कथित हिरासत में यौन उत्पीड़न और अवैध नजरबंदी के गंभीर आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने गौतम बुद्ध नगर के पुलिस आयुक्त को स्पष्ट निर्देश दिया है कि संबंधित अवधि की सीसीटीवी फुटेज को न तो हटाया जाए और न ही नष्ट किया जाए। अदालत ने आदेश दिया कि फुटेज को सीलबंद कवर में सुरक्षित रखा जाए।

# कफ़ सीरप का सपा कनेक्शन

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव को घेरा



**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहरीले कफ सिरप कांड को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। यूपी एसटीएफ और यूपी पुलिस ने मामले में व्यापक गिरफ्तारियां की हैं। उन्होंने कहा कि जो भी अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। उनके संबंध सपा नेताओं से सामने आए हैं। अभी जांच जारी है। जांच रिपोर्ट आने पर दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सपा के लोग ये मुद्दा सदन की कार्यवाही के दौरान उठाएंगे तो उन्हें वहां पर जवाब दिया जाएगा और अगर बाहर इस पर सवाल करेंगे तो उसका भी जवाब दिया जाएगा। सपा का माफियाओं से संबंध तो जगजाहिर हैं। इस पूरे मामले की जांच राज्यस्तरीय एसआईटी कार्य कर रही है। इसमें यूपी पुलिस, एफएसडीए से जुड़े अधिकारी मौजूद हैं। किन-किन लोगों को इसमें धन गया है ये सारी बातें जांच में सामने आ जाएंगी। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उनके बारे में यही कहूंगा कि- 'यही कसूर मैं बार बार करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।' उन्होंने कहा कि इन माफियाओं के साथ उनकी भी फोटो है। जांच में सब सामने आ जाएगा।

### 24 जनवरी को वंदे मातरम पर होगी चर्चा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज से सदन की कार्यवाही शुरू हो रही है। 24 जनवरी को हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम पर चर्चा का आयोजन किया जाएगा। 24 जनवरी को यूपी का स्थापना दिवस भी है। हमने सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों से चर्चा के लिए अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए और हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है। सदन की कार्यवाही के पहले दिन नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय सहित सभी दलों के नेताओं ने स्वर्गीय सपा विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर समाज में दिये गए उनके योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### कफ सिरप मामले में बहस पूरी हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**प्रयागराज।** प्रदेश के चर्चित कफ सिरप मामले में दर्ज एफआईआर को खारिज करने की मांग वाली अर्जी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित किया है। शुक्रवार को हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों तरफ के वकीलों की दलील सुनने के बाद फैसला रिजर्व कर लिया है। वाराणसी के शुभम जायसवाल सहित 40 आरोपियों ने अपने खिलाफ प्रदेश के विभिन्न जिलों में दर्ज केस को रद्द करने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए याचिका दायर की है। हाईकोर्ट ने


● यही कसूर मैं बार बार करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा

फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा रखी है। कोडीनयुक्त कफ सिरप कांड की जांच में यूपी एसटीएफ ने लखनऊ आलम बाग के पास से सहारनपुर से दो अभियुक्त अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में 25 हजार रुपये के इनामी शुभम जायसवाल का पूरा नेटवर्क सामने आया है। दोनों ने एसटीएफ को बताया कि दोनों विशाल और विभोर राणा के लिए काम करते थे। विशाल और विभोर का शुभम जायसवाल के साथ व्यापारिक संबंध था।

### अखिलेश यादव ने कसा तंज-हुक्मरान कोई नई बात बताओ


उत्तर प्रदेश की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र से ठीक पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच तीखी बयानबाज़ी देखने को मिली। सीएम बयान के बाद इसके जवाब में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर बिना किसी का नाम लेते हुए तंज कसा, उन्होंने लिखा 'हुक्मरान कोई नई बात बताओ'।

## ठंड के साथ कोहरे का याराना



● उत्तर भारत में तीन दिन का अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में आज घना कोहरा छाया है। मौसम विभाग ने पांचों राज्यों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। यूपी और बिहार में राज्य सरकार ने लोगों से बेवजह घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की है। यूपी के 40 जिलों में घना कोहरा है। बरेली, कानपुर, कासगंज, औरैया और जौनपुर में 20 दिसंबर तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। लखनऊ समेत 10 जिलों में स्कूलों की टाइमिंग सुबह 9 बजे से कर दी गई है। राज्य में अगले तीन दिन भयंकर सर्दी का अलर्ट है। बिहार के नालंदा, गोपालगंज, छपरा समेत 19 जिलों में कोहरे का असर दिखा। सारण में आज सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। पटना में 25 दिसंबर तक स्कूलों की टाइमिंग सुबह 9 बजे से शाम 4:30 बजे तक कर दी गई है। पटना में कोहरे के कारण 8 फ्लाइट्स कैंसिल हो गईं। कोहरे और धुंध के चलते देशभर में उड़ान सेवाएं प्रभावित हैं।




# दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

## जी राम जी बिल के विरोध में एकजुट विपक्ष ने संसद के बाहर के किया धरना प्रदर्शन

● पूरी रात बैठी रही टीएमसी

**नई दिल्ली।** वीबी-जी राम जी विधेयक पारित होने के विरोध में विपक्ष के प्रदर्शनों के बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन में वंदे मातरम बजाए जाने के बाद सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो कल तीन देशों की यात्रा से लौटे थे, आज सदन में उपस्थित थे। राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज सुबह 11 बजे सदन के पुनः शुरू होने के कुछ ही समय बाद सदन को स्थगित कर दिया। स्थगन से पहले सदन के पटल पर बयान और रिपोर्टें रखी गईं। इस बीच, विपक्ष ने रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) विधेयक के पारित होने के खिलाफ अपना मुखर विरोध जारी रखा। शुक्रवार को, एकजुट विपक्ष ने संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जबकि तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने सदन के प्रवेश द्वार की सीढ़ियों पर अपना प्रदर्शन जारी रखा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जो इस समय जर्मनी में हैं, ने विधेयक की आलोचना में शामिल होते हुए इसे जानबूझकर राष्ट्र-विरोधी और ग्राम-विरोधी बताया।

### बिल के विरोध में आधी रात को धरने पर बैठा विपक्ष

**नई दिल्ली।** ग्रामीण रोजगार से जुड़े जी राम जी बिल 2025 को लेकर संसद में राजनीतिक टकराव अपने चरम पर पहुंच गया। संसद के दोनों सदनों से विधेयक पारित होने के बाद आधी रात को विपक्षी दलों ने संविधान सदन के बाहर धरना शुरू कर दिया। विपक्ष ने इसे गरीब, किसान और मजदूर विरोधी बताते हुए लोकतंत्र पर हमला करार दिया। इस दौरान संसद परिसर में पूरी रात नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन चलता रहा।

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी बिल को राज्यसभा ने आधी रात के बाद ध्वनि मत से पारित कर दिया। इससे पहले लोकसभा इस विधेयक को मंजूरी दे चुकी थी। यह बिल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा की जगह लेगा। नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को सालाना 125 दिन का मजदूरी रोजगार देने का प्रावधान किया गया है।

### केंद्र सरकार पर बरसे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर जी राम जी विधेयक को लेकर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में खड़े होकर विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन विधेयक को 'एंटी-स्टेट' और 'एंटी विलेज' करार दिया। कांग्रेस नेता कहना है कि जी राम जी विधेयक, मनरेगा का ही विकसित रूप है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 19 दिसम्बर, शुक्रवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क


दीक्षांत समारोह तिथि घोषणा को लेकर श्री हरिशचंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्रों का प्रदर्शन

जनमुख डेस्क

## कल से राजघाट पुल पर चलेंगे केवल पैदल यात्री और दो पहिया वाहन



**वाराणसी।** राजघाट पुल की मरम्मत के कारण नमो घाट से पड़ाव चौराहे तथा पड़ाव चौराहे से नमोघाट तक केवल पैदल और दो पहिया वाहनों के संचालन की ही अनुमति रहेगी। तीन व चार पहिया वाहनों के साथ अन्य वाहनों के संचालन पर पूरी तरह से रोक रहेगी। यह व्यवस्था शनिवार से 13 जनवरी तक लागू रहेगी। इस दौरान स्कूल बसों को निर्धारित समय तक चलने की अनुमति दी जाएगी। शुक्रवार को इस व्यवस्था का ट्रायल दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक किया जाएगा। एडीसीपी अंशुमान मिश्रा के अनुसार स्कूल बसों का संचालन नमो घाट से पड़ाव की ओर सुबह नौ बजे से सुबह दस बजे तक तक और पड़ाव से नमोघाट की तरफ दोपहर में डेढ़ बजे से ढाई बजे तक स्कूल बसें चल सकेंगी।

# मोबाइल के लिए लगा लिया फांसी

## दुपट्टे के सहारे लटक गयी पंखे की कुंडी से



**● मां ने मोबाइल के इस्तेमाल पर लगायी थी पाबंदी**

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र स्थित सरायनंदन में मां ने मोबाइल देने से मना किया तो किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। सरायनंदन निवासी दीपू यादव की 13 वर्षीया पुत्री सोनाक्षी यादव को उसकी मां ने मोबाइल देखने से मना किया। जब वह नहीं मानी तो मोबाइल छीन लिया और देने से मना किया। इससे नाराज होकर सोनाक्षी ने खुद को घर के अंदर बंद कर लिया और दुपट्टे के सहारे पंखे की कुंडी से लटक गई। लोगों ने बाहर से आवाज दी तो दरवाजा नहीं खुलने पर उसे तोड़ा गया। उसे पंखे से उतार कर परिजन आनन-फानन में बीएचयू ट्रॉमा सेंटर ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




## यूनियन बैंक को उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए दिया गया पुरस्कार


जनमुख डेस्क

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को वर्ष 2025 में राजभाषा हिन्दी के उत्कृष्ट प्रयोग एवं कार्यान्वयन के लिए 'प्रथम पुरस्कार' दिया गया। बैंक द्वारा प्रकाशित हिन्दी गृह पत्रिका यूनियन काशी प्रवाह को भी प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से वाराणसी क्षेत्र प्रमुख शैलेन्द्र कुमार ने प्राप्त किया। राजभाषा के प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह को भी उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।

वाराणसी (जनमुख डेस्क)। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक एवं बीमा), वाराणसी की 28वीं छमाही बैठक में जनपद के अग्रणी बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 'उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन' के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। बुधवार को मंडुआडीह स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में

# उपासना स्थलों पर नहीं लगेगा गृहकर

## पचास प्रतिशत छूट के साथ भरना होगा सीवर और पानी का टैक्स


जनमुख डेस्क

**● एकीकृत बिल जिसमें गृहकर, जलकर, सीवरकर संयुक्त बिल जारी किया जा रहा**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने स्मार्ट सिटी के सभागार में उपासना स्थलों पर लगने वाले सम्पत्ति करों के सम्बन्ध में एक प्रेस वार्ता की। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि निगम द्वारा उपासना स्थलों को गृहकर से मुक्त किया गया है तथा सीवरकर व जलकर में पचास प्रतिशत छूट दिया जायेगा। शासन के उक्त निर्देश पर पहली बार वित्तीय वर्ष 2025-26 में एकीकृत बिल जिसमें गृहकर, जलकर, सीवरकर (सम्पत्ति कर के रूप में) संयुक्त बिल जारी किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में शेष बचे लगभग 4 माह में लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने हेतु रु0 20 हजार से अधिक के सम्पत्ति कर बकाये सभी भवनों पर डिमाण्ड आफ नोटिस जारी किया गया। नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-175 एवं 177 में वर्णित है कि उपासना स्थलों पर गृहकर से मुक्त है, किन्तु जलकर, सीवरकर को अवमुक्त नहीं किया गया है। यदि कोई उपासना स्थल 80 जी की परिधि में आते हैं तो उन्हे सीवरकर व जलकर में पचास प्रतिशत की छूट दी जायेगी। नगर निगम द्वारा किसी भी उपासना स्थल पर कोई कार्यवाही नही करने जा रहा है। नगर निगम द्वारा सभी उपासना स्थलों को चिन्हित भी करने की कार्यवाही की जा रही है, जिसे उन्हे करमुक्त किया जा सके, कोतवाली जोन में अभी तक 40 मन्दिरों, 6 मस्जिदों तथा 1 गुरूद्वारा को चिन्हित कर लिया गया है।

## उप-डाकघर तेलियाबाग को यथास्थान रहने दिया जाए

**● बूढ़े-बुजुर्ग और विकलागों की छीन जाएगी सुविधा क्षेत्रीय नागरिकों ने भेजा पत्रक**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** तेलियाबाग उप-डाकघर का विलय सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में किए जाने को लेकर क्षेत्रीय निवासियों ने संचार मंत्री से इस डाकघर को यथास्थान बनाये रखने का निवेदन पत्रक के माध्यम से किया है। पत्रक में कहा गया है कि तेलियाबाग उप-डाकघर में वृद्धजनों, विकलांगों का खाता वर्षों से नियमित चल रहा है। क्षेत्र के बूढ़े-बुजुर्ग इस डाकघर के यहां पर रहने से बड़ी सुविधा मिलती है। तेलियाबाग उप-डाकघर के सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय स्थित डाकघर में मर्ज (विलय) किए जाने से उन्हें बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। लिहाजा इस उप-डाकघर को यथास्थान पर ही बने रहने दिया जाए। पत्रक भेजने वालों में ओमप्रकाश सिंह, सोनी देवी सहित क्षेत्रीय के अनेक बुजुर्ग शामिल हैं।

# कविता प्रतियोगिता में प्रत्यूष प्रथम, कौस्तुभ दूसरे स्थान पर



जनमुख डेस्क

**● काशी सांसद बाल कवि सम्मेलन का कमिश्नरी सभागार में समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** कमिश्नरी सभागार में 26 नवंबर से 18 दिसंबर 2025 तक आयोजित बाल कवि सम्मेलन प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक एक वर्ग एवं कक्षा 9 से 12 तक के दूसरे वर्ग में बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्टांप एवं पंजीयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। महापौर अशोक तिवारी ने कहा बच्चों की प्रतिभाओं को देखकर लगता है कि अगर इनको अवसर मिलेगा तो यह पूरी दुनिया में बनारस का नाम ऊंचा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कार्यक्रम में जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों ने विजेताओं को मेडल, प्रमाणपत्र एवं डमी चेक प्रदान किया। पुरस्कार पाने वाले कक्षा 6 से 8 वर्ग के बाल कवियों में प्रथम स्थान प्रत्यूष चौरसिया, द्वितीय स्थान कौस्तुभ शुक्ला एवं तृतीय स्थान कार्तिक यादव को दिया गया।

## 'इन्टरनेशनल मोविलिटी कान्क्लेव-2025' का मंत्री ने किया शुभारम्भ


जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोजगार मिशन लागू होने के उपरान्त बदलते परिवेश में सेवायोजन विभाग की योजनाओं को ग्लोबल स्तर पर प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत गुरुवार को सेवायोजन विभाग द्वारा होटल डवल ट्री हिल्टन में 'इन्टरनेशनल मोविलिटी कान्क्लेव- 2025' का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन समन्वय मंत्री अनिल राजभर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंच पर डा0एम0के0 शन्मुगा सुन्दरम प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन, सतेन्द्र कुमार जिलाधिकारी, हिमांशु नागपाल नगर आयुक्त तथा पी0के0 पुन्डीर अपर निदेशक सेवायोजन, सुनील शाह पी0ओ0ई0, सुरभी सिंह कन्ट्री कोडिओटर आफ इन्डिया, कैशरीन लाज आई0एल0ओ0 द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# निगम की निगरानी में जलेगा अलाव


जनमुख डेस्क

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अलाव जलाने की व्यवस्था नियमित रूप से की जाए तथा लकड़ी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थान पर अलाव बुझने न पाए और ठंड के मौसम में जरूरत के अनुसार अतिरिक्त स्थानों को भी चिन्हित कर अलाव जलाए जाएं। नगर निगम की टीमों द्वारा प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है और अलाव व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। नगर निगम का यह प्रयास शीतलहर के दौरान आम नागरिकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। नगर निगम वाराणसी द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे ठंड से बचाव के लिए सावधानी बरतें।

# काशी की विरासत दे रही भारतीय पर्यटन को वैश्विक पहचान

**● टूरिज़्म एक्सपो प्रदर्शनी नहीं, वैश्विक सहयोग का आंदोलन**

(जनमुख डेस्क)



जनमुख डेस्क

**वाराणसी** इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (IIA) द्वारा आयोजित IIA इंटरनेशनल टूरिज़्म एंड हॉस्पिटैलिटी एक्सपो–2025 (ITH–2025) का भव्य और सफल आयोजन 18 दिसंबर 2025 को होटल ताज गंगेज, दरबार हॉल, वाराणसी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश-विदेश से आए नीति-निर्माता, राजनयिक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, निवेशक, प्रदर्शक तथा विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों की उपस्थिति रही। आयोजन के माध्यम से काशी एवं उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन एवं निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में IIA के दूरदर्शी प्रयासों की व्यापक प्रशंसा की गई। उद्घाटन समारोह के मंच पर रविन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री–उत्तर प्रदेश सरकार, महंत शंकर पुरी अन्नपूर्णा मंदिर, प्रो. बिहारी लाल शर्मा, कुलपति–सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, प्रो. ए. के. त्यागी, कुलपति–महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ; दिनेश गोयल, राष्ट्रीय अध्यक्ष–IIA, आलोक अग्रवाल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष–IIA, आर. के. चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष–IIA, दीपक कुमार बजाज, राष्ट्रीय महासचिव–अवधेश अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष–उमाशंकर अग्रवाल, एक्सपो संयोजक, अशोक तिवारी, महापौर, सत्येंद्र कुमार, आईएएस, जिलाधिकारी–वाराणसी, पद्मश्री डॉ. रजनीकांत एवं राहुल मेहता, चेयरमैन–नेशनल टूरिज़्म कमेटी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर.के. चौधरी ने बताया कि एक्सपो में 85 से अधिक प्रदर्शकों के माध्यम से भारतीय उत्पादों, कला, होटल इंडस्ट्री में काम आने वाले उत्पादों इत्यादि के स्टॉल लगाए गए हैं। आज प्रदेश मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में पूरे भारत में 'निवेश, निर्यात एवं आयात' का केंद्र बनकर उभरा है, व्यापार सुगमता, निवेश संभावनाओं तथा पर्यटन एवं आतिथ्य परियोजनाओं के लिए उत्तर प्रदेश राज्य को एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में देखा जा रहा हैं । पूरे दिन चले विभिन्न सत्रों में नीति संवाद, अंतरराष्ट्रीय सहयोग, एमएसएमई संवर्धन और निवेश प्रोत्साहन पर गहन विचार-विमर्श हुआ, जिसने उद्योग और सरकार के बीच सेतु के रूप में IIA की भूमिका को और अधिक सशक्त किया।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324

## सुल्तानपुर समाचार

### चाय की दुकान में घुसा बेकाबू ट्रक, दुकानदार सहित दो की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल



**सुल्तानपुर।** यूपी के सुल्तानपुर में बृहस्पतिवार सुबह करीब 7 बजे अनियंत्रित ट्रक चाय की दुकान में घुस गया। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के रामपुर कुर्मियाने बाजार में हुआ। इस दुर्घटना में दुकान पर मौजूद रामपुर कुर्मियाने निवासी रोहित (25), ट्रक चालक शुभम सिंह (34) निवासी हैदरगंज, अयोध्या की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, दुकान में मौजूद रोहित की मां राजकुमारी (50), रामपुर निवासी श्रीराम (55) व रामपुर कुर्मियाने निवासी नंदू (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी की मदद से ट्रक को दुकान से बाहर निकलवाया। गैस कटर से ट्रक के कुछ हिस्सों को काटने के बाद उसमें फंसे चालक के शव को बाहर निकाला गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संदीप राय ने बताया कि घायलों को लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## चंदौली समाचार

### एसपी की संस्तुति पर डीएम ने की कार्रवाई, 6 माह तक नहीं दिखेंगे जिले में

**चंदौली।** जिले में पुलिस अधीक्षक आदित्य लांघे की संस्तुति पर जिलाधिकारी चंद्रमोहन गर्ग ने दो शातिर अपराधियों को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। इन अपराधियों की पहचान हर्ष सिंह उर्फ गोलू और छोटू उर्फ लवकुश सेठ के रूप में हुई है।

दोनों अपराधियों पर लूट, गैंगस्टर, अवैध शस्त्र रखने सहित कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उन्हें चेतावनी दी है कि यदि छह माह के भीतर वे जनपद की सीमा में सक्रिय पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी आदित्य लांघे ने बताया कि अपराधियों की सक्रिय गतिविधियों को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। चंदौली जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के लिए एसपी आदित्य लांघे लगातार सक्रिय रहते हैं।

## भदोही समाचार

### कालाबाजारी में खाद की दुकान का लाइसेंस निलंबित



**ज्ञानपुर।** संयुक्त कृषि निदेशक अशोक उपाध्याय के नेतृत्व में कृषि विभाग की टीम ने बृहस्पतिवार को चौरी के बरदहां में एक खाद-बीज की दुकान की जांच की। दुकान पर किसानों को अधिक रेट पर यूरिया बेचते पाया गया। इस पर उक्त दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। रबी सीजन की बोआई करीब-करीब पूरी हो गई है। पहली सिंचाई के बाद किसान अब यूरिया का छिड़काव कर रहे हैं। समितियों पर समय से खाद न मिलने पर किसान निजी दुकानों की तरफ रुख करते हैं। इस दौरान कुछ दुकानदार किसानों से शासन से तय कीमत से अधिक पैसा लेते हैं। कुछ किसानों ने बदरहां की एक दुकान की शिकायत जेडी कृषि से की थी। बृहस्पतिवार को जेडी कृषि अशोक उपाध्याय, डीडी कृषि डॉ. अश्वनी कुमार सिंह और जिला कृषि अधिकारी ईरम मिर्जा ने पटेल खाद भंडार बरदहां का निरीक्षण किया। यहां यूरिया को अधिक रेट पर बेचते पाया गया। इस पर उक्त दुकान का लाइसेंस निलंबित किया। कृषि अधिकारी ने बताया कि कोई भी दुकानदार अधिक रेट पर यूरिया बेचेगा तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में 3912 एमटी यूरिया उपलब्ध है।

## मऊ समाचार

### आंखों में खुजली, जलन के 30 फीसदी मरीज बढ़े

**मऊ।** ठंड के साथ प्रदूषण बढ़ने से लोगों की आंखों पर असर पड़ रहा है। हवा में धूल और जहरीले कणों की मात्रा बढ़ने के कारण आंखों में खुजली, जलन, पानी आने जैसी समस्या से लोग परेशान हैं। जिला अस्पताल के जिला अस्पताल के नेत्ररोग विभाग के ओपीडी आंखों के 30 फीसदी मरीज बढ़े हैं, इनमें सबसे ज्यादा संख्या बच्चों और किशोरों की है। इस समय नेत्ररोग विभाग की ओपीडी में रोज 100 से 110 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें करीब 70 से 80 मरीज प्रदूषण जनित एलर्जी के होते हैं। इनमें भी 50 से 60 मरीज 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे और किशोर हैं। नेत्ररोग विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि आंखों में खुजली, जलन, पानी आने और लाल होने की समस्या से पीड़ितों की संख्या 20 से 30 फीसदी तक बढ़ी है।

## गाजीपुर समाचार

### कम दृश्यता पर डंपर से टकराई बाइक, दो दोस्तों की मौत

**मरदह।** वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर बुधवार की देर शाम घने कोहरे ओर दृश्यता कम होने से बाइक सवार दो युवक पहले से खड़े एक डंपर से जा भिड़े। हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई। इस भीषण सड़क हादसे ने मटेहू गांव के दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। हादसे में दो युवकों की मौत से गांव में मातम छा गया, वहीं दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। दोनों मृतक अपने-अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे, जिससे अब परिजनों के सामने जीविकोपार्जन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मटेहू के ग्राम प्रधान राधेश्याम सिंह यादव ने बताया कि मरदह थाना क्षेत्र के मटेहू गांव निवासी गुलशन यादव (23) और जितेंद्र राजभर (32) प्रतिदिन की तरह मऊ जिले के ताजोपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी कर बुधवार की शाम मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। वे थाना सरायलखंसी क्षेत्र के बढुआ गोदाम चट्टी के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सड़क पर पहले से खड़े एक डंपर में पीछे से उनकी बाइक जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया कि हादसे के वक्त फोरलेन मार्ग पर घना कोहरा था, जिससे दृश्यता कम हो गई थी। इससे बाइक सवार युवक खड़े डंपर को देख नहीं सके। घायलों को जिला अस्पताल मऊ ले जाया गया, जहां देर रात दोनों की मौत हो गई।

दस साल की दोस्ती, एक साथ मजदूरी, एक साथ मौत-गुलशन यादव और जितेंद्र राजभर के बीच बीते दस वर्षों से गहरी दोस्ती थी। दोनों साथ-साथ मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। घटना वाले दिन भी दोनों ताजोपुर औद्योगिक क्षेत्र से काम कर एक ही मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। बाइक जितेंद्र की थी, जिसे गुलशन चला रहा था। बढुआ गोदाम चट्टी के पास खड़े डंपर से टकराने के बाद दोनों की जिंदगी एक ही हादसे में खत्म हो गई।

## सोनभद्र समाचार

### नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



**सोनभद्र।** मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पी0एम0 सूर्यघर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत बैंकर्स द्वारा ऋण स्वीकृति की समीक्षा की गयी, इसी प्रकार से प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत विद्यालयों के सौन्दर्यीकरण प्रगति की समीक्षा की गयी प्रगति धीमी पायी जाने और निर्माण की गुणवत्ता बेहतर न होने पर अधीशासी अभियन्ता आर0ई0 एडी0, यू0पी0सी0डी0 को0, यू0पी0आर0एन0एल0 के अधिशासी अभियन्ता को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दी, एन0आर0एल0एम0 योजना के अन्तर्गत संचालित योजना डे0एन0आ0एल0एम0 में रिवाल्डींग फन्ड एवं सी0आईएफ0 योजना के प्रगति धीमी पायी जाने पर डी0सी0एन0आर0एल0एम0 को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दी, इसी प्रकार से पर्यटन विभाग के राज्य योजनान्तर्गत की गयी समीक्षा के दौरान सहाय पर्यटन अधिकारी द्वारा प्रगति के सम्बन्ध में संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकें, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक पर्यटन अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दी, सील्ट सफाई की धीमी प्रगति पर अधिशासी अभियन्ता मिर्जापुर नहर प्रखण्ड को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दी, इसी प्रकार से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर को नल से जल योजना की समीक्षा की गयी समीक्षा के दौरान प्रगति धीमी पायी जाने पर अधिशासी अभियन्ता जल निगम को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दी, उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इस दौरान इस दौरान उन्होने कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये।

## जौनपुर समाचार

### टहलने निकले व्यक्ति की ई-रिक्शा के धक्के से मौत

**जौनपुर।** बदलापुर क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित खजुरन मोड़ के समीप बृहस्पतिवार को ई-रिक्शा के धक्के से उमाशंकर (52) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के बबुरा गांव निवासी उमाशंकर बृहस्पतिवार को घर से मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। घर से अभी कुछ ही दूर खजुरन मोड़ स्थल पर पहुंचे थे कि सिंगरामऊ की तरफ से आ रहे अनियंत्रित ई-रिक्शा चालक ने धक्का मार दिया, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

चालक रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक शेष कुमार शुक्ल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर चालक की तलाश की जा रही है।

## मीरजापुर समाचार

### डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद हेतु वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत पांडे ने किया नामांकन

**मीरजापुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन मीरजापुर के आगामी चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत पांडे ने गुरुवार को बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के साथ पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के दौरान अधिवक्ताओं में उत्साह और व्यापक समर्थन देखने को मिला।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का चुनाव 23 दिसंबर 2025 को संपन्न होना सुनिश्चित है। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कुल तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत 22 दिसंबर 2025 को टेंडर वोट की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जबकि 23 दिसंबर को सभी अधिवक्ता अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नामांकन के समय वरिष्ठ अधिवक्ता उमाकांत पांडे के साथ अधिवक्ताओं का एक विशाल समूह मौजूद रहा। इस दौरान उन्हें न केवल वरिष्ठ



अधिवक्ताओं बल्कि युवा अधिवक्ताओं का भी भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। अधिवक्ताओं का कहना है कि उमाकांत पांडे लंबे समय से बार और अधिवक्ता हितों के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे हैं।

चुनाव में अधिवक्ता भाइयों की समस्याएं, आवश्यक सुविधाओं का विस्तार तथा बीमार चल रहे अधिवक्ता साथियों के हितों की रक्षा प्रमुख मुद्दे बताए जा रहे हैं। समर्थकों का मानना है कि उमाकांत पांडे के अनुभव, वरिष्ठता और नेतृत्व क्षमता से डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। नामांकन के बाद अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर उत्साह चरम पर है और आने वाले दिनों में चुनावी माहौल और अधिक तेज होने की संभावना जताई जा रही है। नामांकन के अवसर पर बैकुंठ नाथ त्रिपाठी, रामकृष्ण द्विवेदी, संजय उपाध्याय, राजकुमार पांडे, बिहारी सिंह, गंगा यादव, लालजी सिंह, किसान आनंद शुक्ला, प्रेम प्रकाश पांडे, गया पांडे, अवनीश पांडे, डॉ. हौसला प्रसाद द्विवेदी कृपा शंकर तिवारी, प्रेम शंकर श्रीवास्तव, साबिर अली, राजेंद्र नाथ पाठक, राजकुमार पाण्डेय, सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ताओं का वृहद समूह रहा उपस्थित।

## देवरिया समाचार

### संभल का रहने वाला था मंदिर में खुदकुशी करने वाला युवक

**भटनी (देवरिया)।** नगर के रामपुर खुरहुरिया वार्ड स्थित ठाकुर जी मंदिर खुदकुशी करने वाले युवक की पहचान कर ली गई है। मृतक संजीव कुमार (30) संभल जिले का रहने वाला था। उसने पश्चिम बंगाल की एक लड़की से शादी की थी। पत्नी को कोलकाता में छोड़कर मंगलवार को नौकरी करने के लिए अंबाला जा रहा था। यह जानकारी मृतक के चाचा ने दी है।

भटनी नगर के रामपुर खुरहुरिया वार्ड स्थित ठाकुर जी के मंदिर में मंगलवार की शाम एक युवक का शव फंदे से लटका मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस की पड़ताल में मृतक की जेब से एक मोबाइल फोन और सिवान से अंबाला तक का रेल टिकट बरामद हुआ था, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो पाई थी।

## प्रयागराज समाचार

### दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे युवक की गोली मारकर हत्या, तीन हिरासत में



**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर ओम नगर में बृहस्पतिवार रात आकाश सोनी उर्फ गोलू (21) की सिर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के वक्त आकाश अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। कैंट थाना पुलिस ने तीन दोस्तों को हिरासत में लिया है।पूछताछ में उन्होंने बताया कि खेल-खेल में गोली चल गई। बहरहाल, पुलिस आरोपियों के बयान के आधार पर जांच कर रही है। मूलरूप से गंगानगर के थरवई क्षेत्र निवासी राधेश्याम सोनी पिछले करीब एक साल से कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर स्थित ओम नगर में परिवार समेत रहते हैं। वह मिस्त्री का काम करते हैं जबकि उनका बड़ा बेटा आकाश शहर में ऑटो से नारियल की सप्लाई करता था। बृहस्पतिवार रात वह अपने चार-पांच दोस्तों के साथ घर के पास पार्टी कर रहा था। तभी अचानक एक गोली आकाश के सिर पर लगी जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। सूचना पर डीसीपी नगर मनीष शांडिल्य, एसीपी सिविल लाइंस विद्युत गोयल, कैंट थाना प्रभारी सुनील कनौजिया समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और आकाश को एसआरएन अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बलिया समाचार

### पॉलिथीन में पैक दो शव रेत पर मिले

**बैरिया/जयप्रकाशनगर।** यूपी से बिहार को सड़क मार्ग से जोड़ने वाले जय प्रभा सेतु के नीचे बृहस्पतिवार की सुबह सरयू नदी की रेत पर पॉलीथिन में पैक दो शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों शवों का पोस्टमार्टम किया गया था। शवों को देखने वालों की भीड़ जुट गई। शवों के नदी की रेत पर पड़े होने की सूचना पर चांद दीयर चौकी पुलिस पहुंची। पुलिस ने शवों को रेत में दफना दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यूपी तथा बिहार के अलग-अलग अस्पतालों में लावारिस मरीजों की मौत होने के बाद सम्मान पूर्वक उनका दाह संस्कार करने के लिए सरकार की ओर से समुचित राशि दी जाती है। उसी राशि को बचाने के उद्देश्य से लावारिस शवों का दाह संस्कार कराने के बजाय रात के अंधेरे में उन्हें नदियों में प्रवाहित कर देते हैं।

## गोरखपुर समाचार

### ठंड ने 14 साल का रिकॉर्ड तोड़ा:दिन का पारा 16°C, घने कोहरे और शीतलहर से ठिठुरे लोग



**गोरखपुर।** ठंड ने इस बार सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सुबह से ही पूरा शहर घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। हालात ऐसे रहे कि सड़कों, फ्लाईओवर और प्रमुख चौराहों पर वाहन धीमी रफ्तार से चलते दिखे। कोहरे के साथ चल रही सर्द हवा ने गलन को और तेज कर दिया। खुले इलाकों में ठंड का असर ज्यादा महसूस किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार आज धूप निकलने की संभावना लगभग नहीं के बराबर है। दिन भर शीतलहर जैसी स्थिति बनी रह सकती है। अधिकतम तापमान 17 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान गिरकर 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं, शाम होते-होते ठंड और ज्यादा चुभने वाली हो जाएगी। मौसम विभाग के आकलन के अनुसार गुरुवार का दिन सीवियर कोल्ड डे की श्रेणी में दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक डॉ. कैलाश पांडेय ने बताया कि अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह पिछले 14 सालों में सबसे कम है। इससे पहले वर्ष 2011 में इतना कम तापमान दर्ज किया गया था। दिन का तापमान सामान्य से करीब 5 से 6 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा, जिससे पूरे दिन ठंड का असर बना रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ेगा। तापमान में और गिरावट के साथ-साथ घना कोहरा लगातार छाया रह सकता है। सुबह और देर रात के समय दृश्यता और कम होने की आशंका है, जिससे सड़क और रेल यातायात पर भी असर पड़ सकता है। अचानक बदले मौसम का असर रोजमर्रा की जिंदगी पर साफ दिखाई दे रहा है। सुबह टहलने वाले लोग देर से घरों से निकल रहे हैं। सुबह के समय सामान्य दिनों की तुलना में कम चहल-पहल देखने को मिल रही है।

## आजमगढ़ समाचार

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर कार ने ट्रक में मारी टक्कर, पिता-पुत्र समेत तीन की मौत, चार घायल



**आजमगढ़।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पिलर-254 पर बृहस्पतिवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तेज रफ्तार कार की ट्रक में भिड़ंत से हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मेरठ जिले के थाना सरधना क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी लोग कार से यात्रा कर रहे थे। वे मेरठ से वाराणसी इलाज के लिए जा रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेस-वे पर आगे चल रहे एक ट्रक में तेज रफ्तार कार पीछे से जा टकराई। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज गति और कोहरा बताया जा रहा है। हादसे में प्रिंस (10), उसके पिता विशेष (40) और एक अज्ञात व्यक्ति (50) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं डोली (31) पत्नी विशेष, अंशिका (14) पुत्री विशेष, कार्तिक (11) पुत्र विशेष और सत्या (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर मुबारकपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला मंडलीय चिकित्सालय, आजमगढ़ में भर्ती कराया। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## लाइफ मंत्र

### हनुमानजी से क्यों नाराज़ है द्रोणागिरि गांव के लोग? जानिए अनसुनी पौराणिक कथा

भारत में भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना हर जगह बड़े ही उत्साह और श्रद्धा से की जाती है, लेकिन उत्तराखंड के चमोली जिले की नीति घाटी में स्थित द्रोणागिरि गांव एक अपवाद है।

इस गांव के स्थानीय लोग आज भी पवनपुत्र हनुमान से नाराज़ हैं और उनकी पूजा-अर्चना नहीं करते। इतना ही नहीं, गांव में हनुमान जी का कोई मंदिर भी नहीं है और उनके सम्मान में लाल झंडा लगाना भी वर्जित माना जाता है। तो जानिए इसके पीछे की बेहद रोचक और अनोखी पौराणिक कथा के बारे में-





**संजीवनी बूटी और द्रोणागिरि पर्वत**

यह कहानी रामायण काल के लंका युद्ध के समय की है। जब मेघनाद के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो गए, तो उनकी जान बचाने के लिए लंका के वैद्य ने हनुमानजी को हिमालय जाकर एक विशेष औषधि संजीवनी बूटी लाने को कहा वैद्य ने बताया कि यह बूटी द्रोणागिरि पर्वत पर ही मिलती है और इसका उपयोग सूर्योदय से पहले करना आवश्यक है। समय की कमी के कारण, हनुमानजी तुरंत उड़कर हिमालय के द्रोणागिरि पर्वत पर पहुंचे।

जब हनुमानजी बूटी की पहचान नहीं कर पाए, तो उन्होंने गांव की एक बुजुर्ग महिला से संजीवनी बूटी के सही स्थान के बारे में पूछा।

महिला ने उन्हें पर्वत के उस हिस्से की ओर इशारा किया जहां बूटी उगती थी। मार्गदर्शन मिलने के बावजूद, हनुमानजी संशय में पड़ गए क्योंकि वे अंधेरे में बूटी को ठीक से पहचान नहीं पा रहे थे। समय कम था, इसलिए उन्होंने विवेक का इस्तेमाल किया और जिस पर्वत के हिस्से पर संजीवनी उगती थी, उस पूरे भाग को उखाड़कर अपनी हथेली पर उठा लिया और लंका की ओर उड़ चले।

**गांववालों की नाराजगी का कारण**

द्रोणागिरि गांव के निवासियों के लिए यह पर्वत केवल एक भूखंड नहीं है, बल्कि यह उनका इष्टदेव है, जिसकी वे पीढ़ियों से पूजा करते आए हैं।

हनुमानजी द्वारा उनके पूजनीय पर्वत के एक बड़े हिस्से को उखाड़कर ले जाना, गांववालों ने अपने आराध्य देव के अपमान के रूप में लिया। उन्हें इस बात का क्रोध था कि लक्ष्मण के प्राण बचाने के लिए हनुमानजी ने उनके देव तुल्य पर्वत को खंडित कर दिया। उनका मानना है कि हनुमानजी ने एक महान कार्य के लिए उनके पूजनीय पर्वत को क्षति पहुंचाई।

**परंपरा जो आज भी जारी है**

इसी नाराजगी के कारण, द्रोणागिरि गांव में आज भी हनुमानजी की पूजा नहीं की जाती और उनके सम्मान में कोई मंदिर नहीं है।

इस गांव के लोग हनुमानजी के नाम की पूजा-अर्चना नहीं करते, हालांकि वे भगवान राम का आदर करते हैं। पौराणिक मान्यता यह भी है कि जिस बुजुर्ग महिला ने हनुमानजी को रास्ता दिखाया था, गांववालों ने उसे समाज से बहिष्कृत कर दिया था।

## नए साल की छुट्टियों में घूमने के लिए बनाएं प्लान, यहां देखें बेस्ट डेस्टिनेशन



अगर आप भी नया साल सेलिब्रेट करने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन की तलाश कर रहे हैं, तो आप भी अभी से नए साल की छुट्टियों की योजना तैयार कर लें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए कुछ जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। साल 2025 अब धीरे-धीरे खत्म होने को है। यह साल भी हर साल की तरह अपनी रफ्तार से बीत रहा है। दिसंबर की ठंड जैसे ही नजदीक आ रही है, तो मन में सवाल उठता है कि नए साल पर कहां घूमने के लिए जाएं। बता दें कि नया साल सिर्फ पार्टी करने का दिन नहीं बल्कि बीते साल की थकान को मिटाकर नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने का भी मौका है। इसलिए जहां कहीं भी जाएं, खुद को खुश रखें और सुकून ढूंढें। ऐसे में अगर आप भी नया साल सेलिब्रेट करने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन की तलाश कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आप भी अभी से नए साल की छुट्टियों की योजना तैयार कर लें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए कुछ जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**शिमला**

बर्फ के बीच नए साल का स्वागत करना है, तो आपको शिमला जाना चाहिए। वहीं अगर आप भी सर्दियों का जादू और बर्फ की चादर में लिपटी वादियों को देखना चाहते हैं, तो शिमला से बेहतर जगह और कोई नहीं है। यहां पर आप मॉल रोड की रौनक, लाइट्स और बर्फबारी में थिरकती भीड़ आपका दिल जीत लेगी। दोस्तों के ग्रुप और कपल्स के लिए शिमला बेस्ट जगह है। आप यहां पर न्यू ईयर के जश्न के दौरान बोनफायर का भी लुत्फ उठा सकते हैं। आप मॉल रोड पार्टी कर सकते हैं और घूमने के लिए क्राइस्ट चर्च जा सकते हैं।

**गोवा**

नए साल की पार्टी करनी हो और गोवा का नाम न आए। तो ऐसा हो ही नहीं सकता है। 31 दिसंबर की रात गोवा के बीच पर आतिशबाजी, विदेशी म्यूजिक और डांस फ्लोर की धूम आपको एक अलग ही एनर्जी देने का काम करती है। पार्टी लवर्स के लिए गोवा बेस्ट है और यहां के बीच पर आप पार्टी कर सकते हैं। वहीं सनसेट डिनर और बीच कैंपिंग का लुत्फ भी उठा सकते हैं।

**मनाली**

अगर आपको एडवेंचर और सुकून दोनों चाहिए तो मनाली एक परफेक्ट ऑप्शन है। नए साल पर यहां लाइव म्यूजिक, कैफे कल्चर, ट्रेकिंग और तारों के नीचे बिताए गई रात कई यादें दे जाएगी। अगर आप मनाली जा रहे हैं, तो सोलांग वैली, कसोल और लाइव कैफे का आनंद उठाना न भूलें।

**जयपुर**

अगर आप नए साल का स्वागत रॉयल अंदाज में करना चाहते हैं, तो आपको जयपुर आना चाहिए। यहां की लाइट डेकोरेशन, हेरिटेज होटल और राजस्थानी खाने के साथ 31 दिसंबर की रात राजसी एहसास दिलाएगी। फैमिली और कपल्स के लिए यह जगह बेस्ट है। इसके साथ ही आपको यहां पर चोखी ढाणी और फूड फेस्टिवल्स का भी आनंद उठाना चाहिए।



## IRCTC लेकर आया है New Year 2026 का धमाकेदार ऑफर! सिर्फ एक टिकट में होटल, फ्लाइट और ट्रेन सब फ्री

नए साल 2026 का स्वागत लोग जश्न मना के करते हैं। यदि आप भी न्यू ईयर पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल सिर्फ आपके लिए है। नववर्ष 2026 का स्वागत लोग पूरे जोश और जुनून के साथ घूमते-फिरते मस्ती करते हुए करना चाहते हैं तो यह मौका आपको आईआरसीटीसी (IRCTC) दे रहा है। आपको बता दें कि, आईआरसीटीसी नए साल पर यात्रियों के लिए कई आकर्षक टूर पैकेज ऑफर कर रहा है। यह टूर पैकेज रेल और एयर दोनों बेस्ड है, जिसमें होटल स्टे, भोजन, साइटसीइंग और कुछ पैकेज में फ्लाइट भी शामिल हैं। यह सभी टूर पैकेज काफी किफायती हैं और यह पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बुकिंग होती है। यदि आप न्यू ईयर पर ट्रिप बनाने का प्लान कर रहें तो इन टूर पैकेज को बुक करके अपनी यात्रा को प्लान कर सकते हैं।

**ये टूर पैकेज रेल और हवाई यात्रा दोनों विकल्पों में उपलब्ध हैं। इनमें आरामदायक होटल ठहराव, भोजन की सुविधा और प्रमुख दर्शनीय स्थलों की सैर शामिल है। कुछ विशेष पैकेजों में फ्लाइट की सुविधा भी दी गई है। ये सभी टूर पैकेज बजट-फ्रेंडली हैं और सीमित सीटों के साथ पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होंगे।**

**दक्षिण दर्शन यात्रा**

IRCTC 17 जनवरी 2026 से मध्य प्रदेश (रेवा) से 11 रात/12 दिन की 'दक्षिण दर्शन यात्रा' भारत गौरव ट्रेन के जरिए आयोजित हो रहा है। पैकेज की कीमत 20,400 रुपये से शुरु होने वाले इस पैकेज में तिरुपति रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी, श्रीशैलम और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जैसे प्रसिद्ध स्थलों के दर्शन शामिल हैं। इस टूर पैकेज में नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन (शाकाहरी), होटल में रुकना और साइटसीइंग शामिल है। अधिक जानकारी के लिए IRCTC की वेबसाइट पर जाकर बुकिंग करें।

**लखनऊ से गोवा डिलाइट**

आईआरसीटीसी लखनऊ से गोवा के लिए 'गोवा डिलाइट' (NLA136) 3 रात/4 दिन का हवाई टूर पैकेज शुरु किया है। जो कि 24-27 जनवरी 2026 तक चलेगा। 30,100 रुपये से शुरु होने वाले इस पैकेज में 4 सितारा होटल, भोजन, साइटसींग (नॉर्थ/साउथ गोवा) और मांडोवी क्रूज शामिल है। बुकिंग IRCTC की वेबसाइट पर मौजूद है।

**पधारो राजस्थान**

IRCTC ने 'पधारो राजस्थान' (CDBG33) पैकेज 5 रात/6 दिन की भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन यात्रा है। इस पैकेज कीमत 52,480+ प्रति व्यक्ति से शुरु होकर जयपुर, जैसलमेर और जोधपुर के प्रमुख किलों व रेगिस्तानों की सैर कराता है, जिसमें आरामदायक ट्रेन यात्रा, आवास (होटल/टेंट, भोजन, टूर एस्कॉर्ट और दर्शनीय स्थल) शामिल हैं। फटाफट बुकिंग करने के लिए IRCTC Tourism की आधिकारिक वेबसाइट www.irctctourism.com पर जाएं। इसके बाद सर्च बार में 'Rajasthan' टाइप करें। 'Padharo Rajasthan' पैकेज (Code- CDBG33) चुनें और विवरण देखें। सारी डिटेल्स पढ़ने के बाद आप इस टूर पैकेज को बुक कर सकते हैं।

## क्रिसमस को यादगार सेलिब्रेट करने के लिए घूम के आएं दिल्ली के इन 5 शानदार चर्च में, देखने को मिलेगी एक अलग वाइब!



अगर दिल्ली में रहते हैं, दिल्ली के सबसे बेस्ट चर्च में जा सकते हैं। क्रिसमस त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। क्रिसमस खासतौर पर केक, फ्रूट केक, स्वादिष्ट फूड और क्रिसमस सजावट के लिए जाना जाता है। आइए आपको इस लेख के जरिए बताते है दिल्ली के 5 फेमस जगह जहां आप क्रिसमस सेलिब्रेट कर सकते है। दिसंबर का महीना अभी शुरू ही हुआ है ऐसे में क्रिसमस फेस्टिवल भी नजदीक आ रहा है। ऐसे में दिल्लीवासियों ने भी क्रिसमस की तैयारी शुरू कर दी है। भारत में सभी त्योहारों में से क्रिसमस भी बहुत खास है। क्रिसमस त्यौहार भी काफी धूमधाम से मनाया जाता है जैसे देश में दिवाली, ईद और अन्य त्योहारों को मनाया जाता है। क्रिसमस के दौरान दिल्ली में काफी रौनक देखने को मिलती है, हर जगह सुंदर क्रिसमस की डेकोरेशन, फेयरी लाइट्स से सजे हुए चर्च और रंग-बिरंगे सजे हुए क्रिसमस ट्री। दिल्ली वाले क्रिसमस त्योहार को बड़े ही शानदार तरीके से मनाते हैं। ऐसे में आप अगर दिल्ली में रहते हैं, दिल्ली के सबसे बेस्ट चर्च में जा सकते हैं। क्रिसमस त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। क्रिसमस खासतौर पर केक, फ्रूट केक, स्वादिष्ट फूड और क्रिसमस सजावट के लिए जाना जाता है। आइए आपको इस लेख के जरिए बताते है दिल्ली के 5 फेमस जगह जहां आप क्रिसमस सेलिब्रेट कर सकते है। देखिए पूरी लिस्ट

**सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल**

सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च दिल्ली का सबसे पुराना और बहुत ही खूबसूरत चर्चों में से एक है। क्रिसमस पर इस जगह पर जाना सबसे बेस्ट है क्योंकि इस दिन यहां पर फेयरी लाइट्स, कलरफुल रिबन और स्टार लाइट्स से चर्च को सजाया जाता है। क्रिसमस के दिन यहां पर लाखों लोग आते हैं और क्रिसमस को सेलिब्रेट करते है। यहां पर देर रात का सिंगिंग, प्रेयर सिंगिंग और फूड आइटम्स खाने को मिलता हैं साथ ही में प्रसाद के तौर पर वाइन भी दी जाती हैं। इसके साथ ही रात को सभी लोगों को केक भी दिया जाता हैं। इस चर्च में आकर्षक का केंद्र हैं प्रभु यशु की झांकी।

आपको बता दें, ये चर्च अशोक प्लेस, सेक्टर- 4, गोल मार्किट में स्थित है।

**सेंट अलफोंसा चर्च**

सेंट अलफोंसा चर्च सबसे खूबसूरत चर्च में शुमार है। इस चर्च की खास बात है इसमें मौजूद ग्रीनरी। इस जगह की सबसे खास बात कि इसका इंटीरियर है जो कि वुडेन से बना हुआ है। सेंट अलफोंसा चर्च की खास बात ये है कि, इसकी खूबसूरत नकाशी को देखकर इस चर्च को काफी पसंद किया जा रहा है। क्रिसमस के दिन यहां पर सुन्दर लाइट्स के जरिए सजाया जाता है। सुन्दर सजावट और क्रिसमस त्योहार पर इस चर्च में एक अलग ही वाइब्स होती है। ये चर्च दिल्ली के वसंत कुंज में स्थित है।

**कैथेड्रल चर्च ऑफ रिडेम्पशन**

कैथेड्रल चर्च ऑफ रिडेम्पशन चर्च, वाइसराय चर्च के नाम से भी जाना जाता है। यह 80 एकड़ में फैला हुआ है। इस चर्च की वास्तुकला ढांचा बहुत ही खूबसूरत है। इंटीरियर से लेकर एक्सटेरियर बहुत ही खूबसूरत बना हुआ है। क्रिसमस के मौके पर यहां बहुत ही सुन्दर सजावट की जाती है। चमकीली रिबन और स्टार लाइट्स से बखूबी सजाया जाता है। क्रिसमस की रात को यहां पर बहुत खूबसूरत लगता है और इस दिन को आप कभी भूल नहीं सकते। यह चर्च दिल्ली के North Ave नई दिल्ली में मौजूद है।

**सेंट जेम्स चर्च**

सेंट जेम्स चर्च दिल्ली का जाना-माना है। यह चर्च कश्मीरी गेट के नजदीक है। इसमें गोल्डन-येलो ढांचा का सबसे लंबा और खूबसूरत है। आपको बता दें कि, चर्च कर्नल जेम्स स्किनर ने सन् 1836 में बनवाया था। इसी वजह से ये चर्च स्किनर चर्च के नाम से भी जाना जाता है। बता दे, ये दिल्ली का 'फर्स्ट एवर चर्च' है। क्रिसमस के दिन यहां का नजारा बहुत ही खूबसूरत होता है। इस दिन यहां पर लाखों लोगों की भीड़ इकट्ठा होती है। चर्च की सजावट काफी सुन्दर होती है। इस दिन यहां की सजावट ही मुख्य केंद्र होती है। यह चर्च स्थित है कश्मीरी गेट के पास।

**सेंट मैरी चर्च**

सेंट मैरी चर्च भी क्रिसमस के मौके पर जाने के लिए सबसे बेस्ट प्लेस है। यह दिल्ली की सबसे पुरानी चर्च में से एक है, यह पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में मौजूद है। इससे ढांचें को देखकर आप भी मोहित हो जाएंगे, खूबसूरत इंटीरियर से बनी ये चर्च लोगों का दिल जीत रही है।

क्रिसमस के दिन यहां बहुत ही सुन्दर सजावट होती है। क्रिसमस के दिन यहां पर आप जा कर बहुत ही एन्जॉय करेंगे। ये चर्च दिल्ली के मुखर्जी मार्ग पर चांदनी चौक में मौजूद है।


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विश्लेषण, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170